卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 279 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦21 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


## केदारनाथ पैदल मार्ग पर बोल्डर गिरने से तीन यात्रियों की मौत

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यात्रा पर जा रहे तीन तीर्थयात्री की मौत हो गई, जबकि रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए गौरीकुंड अस्पताल में भेजा गया है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर हुए हादसे को





चिरबासा के पास पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिर गए। पांच घायल हो गए। घायलों में भी दो यात्री महाराष्ट्र के व अन्य स्थानीय बताए जा लेकर सीएम धामी ने दुख जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन ( **शेष पेज 7 पर** )

## मानसून सीजन में सभी लोग जरूर लगाएं एक पेड़ माँ के नाम : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। रिस्पना नदी के किनारे खाली भूमि पर मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में आज पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी माताजी श्रीमती बिशना देवी के नाम से पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में व्यक्ति की सबसे पहली गुरू मां ही हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां के नाम पौधारोपण अभियान में शामिल होना किसी सौभाग्य से कम नहीं है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि इस मानसून सीजन में एक पेड़ माँ



के नाम जरूर लगाएं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरेला पर्व ( **शेष पेज 7 पर** )

## अग्निवीरों को आरक्षण देगी धामी सरकार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में अग्निवीरों को सरकार अब आरक्षण देगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की है। सीएम धामी ने कहा कि सरकार ने पहले ही निर्णय लिया था कि प्रदेश के अग्निवीरों को सरकारी विभागों में नियुक्तियां दी जाएंगी। सरकार उन्हें आरक्षण भी देगी। अगर जरूरी होगा तो एक्ट भी बनाया जाएगा।

## मुख्य बाजार से महिला के पर्स से उड़ाये जेवर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के मुख्य बाजार में खड़ी महिला के पर्स से दो अज्ञात महिलाओं ने जेवर चोरी कर लिए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में उषा सिंह निवासी किच्छा तराई मॉडल एजेन्सी ने कहा है कि 18 जुलाई को दोपहर मेंन मार्केट स्थित मनिहार गली में कुछ सामान खरीदने आए थे। जहां कुछ देर बाद दो औरतें दुकान में आयी उसके साथ चिपक कर खड़ी हो गई। जिसको थोड़ा दूरी बनाने को कहा। तब कुछ दूर होकर उसकी बेटी पूजा सिंह चौहान के पास आकर खड़ी हो गई। कुछ देर बाद बेटी ने पर्स को खोलकर देखा तो एक पैकेट जिसमें कुछ गहने थे उसको उन दोनों औरतों में से एक ने निकाल कर चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी देखा। वहीं पुलिस जेवर उडाने वाली महिलाओ की धड़पकड़ के लिए जुट गई है।

## कर्जदारों के दबाव में युवक ने दी जान

### विधवा मां का एक ही सहारा था आशू

गदरपुर(उद संवाददाता) । कर्ज के बोझ से दबे युवक द्वारा फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 10 जामा मस्जिद के पास किराए के मकान में आशु (32)पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल अपनी मां कांता रानी के साथ रहता था और चाय की दुकान करके अपना गुजर बसर करता था उसकी



मां कांता रानी ने बताया कि कल शनिवार बाजार बंदी के दिन वह 2:00 बजे आकर कमरे में सो गया कुछ समय बाद उसने अपने पुत्र को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई आवाज नहीं आई जिस पर उसने दरवाजा खोला तो देखा आशु पंखे के कुंडे से लटका हुआ है । यह देख उसकी चीख निकल गई जिस पर मकान मालिक इत्तेदार अहमद और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और आशु को फंदे से नीचे उतारा मौके पर सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ करते हुए मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा वहीं कुछ लोगों का कहना है कि कर्ज के बोझ से दबे आशु को कर्जदार दबाव बनाकर परेशान करते रहते थे जिस पर उसने यह कदम उठाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आशु के पिता श्याम लाल का काफी समय पूर्व निधन हो चुका है मां कांता रानी का सहारा भी उससे छिन गया है। उसकी एक विवाहिता बहन अनीता है।

## युवक के पेट में लगी गोली बनी अबूझ पहेली

### पहेली सुलझाने में जुटी पुलिस, घायल सुशीला तिवारी रैफर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर मौहल्ले के निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गोली उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी रैफर कर दिया।



लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया । जहां मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक जानकारी ली। घटना के समय युवक पड़ोस में अपने दोस्त के कमरे में गया हुआ था। गोली की आवाज सुनकर लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि आजाद नगर निवासी 22 वर्षीय विशाल शनिवार की शाम पड़ोस में ही रहने वाले अपने दोस्त के कमरे में गया हुआ था। कुछ देर बाद कमरे से अचानक गोली चलने की आवाज आई। जिसे सुन परिजन और पड़ोसी कमरे में पहुंचे तो विशाल खून से लथपथ जमीन में पड़ा हुआ था। उसके पेट में गोली लगी हुई थी । जिसके बाद परिजन आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए।( **शेष पेज 7 पर** )

## मैनेजर पर लाखों की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एसके फाईनेंस कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर ने कंपनी के बिजनेस डवलपमेंट मैनेजर पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि कई लोगों के वाहन फाइनेंस के नाम पर घपला किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में एसके फाइनेंस लिमिटेड के एरिया सेल्स मैनेजर अन्तरिक्ष मेहता ने कहा है कि कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय जी-1 एवं 2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर, राजस्थान में है। जबकि क्षेत्रीय कार्यालय गुरू नानक टावर, दुर्गा सिटी सेन्टर, हल्द्वानी में खोला गया। इस कंपनी का कार्य वाहन कम्पनियों के विभिन्न शोरूम में ग्राहकों को वाहनों से सम्बन्धित ऋण उपलब्ध करवाना है। जबकि कम्पनी ने उसे स्वीकृत ऋण की धनराशि को डीलरों तक पहुंचाने का जिम्मा सौंपा था। तहरीर में कहा गया है कि 14 मई



को किच्छा स्थित आर. के. मोटर्स से प्रार्थी को फोन आया। बताया गया कि उन्हें कम्पनी द्वारा तीन गाड़ियों लिए स्वीकृत ऋण की धनराशि 2.58 लाख प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा किच्छा स्थित माँ वैष्णों मोटर्स से भी चार गाड़ियों के लिए स्वीकृत ऋण की धनराशि 4.20 लाख प्राप्त न होने की शिकायत की गई। इस पर उसने कंपनी के बिजनेस डवलपमेंट मैनेजर ईशान वर्मा से मोबाइल पर वार्ता की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद ईशान वर्मा ने करीब 20 लाख की धोखाधड़ी की बात कबूल ली। कंपनी की जांच पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि ईशान वर्मा द्वारा कम्पनी से विभिन्न डीलर्स को वाहनों के लिए स्वीकृत ऋण की धनराशि को डीलर्स के खाते में जमा न करवाकर कम्पनी को डीलर्स का गलत खाता नम्बर बताते हुए हड़प ली गई है। इस तरह विभिन्न डीलरों से कुल 21.55 लाख की हेरा-फेरी की गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# फर्जी महिला चिकित्सक पूनम गोला हुई बेनकाब

## अस्पताल सील, हड़कंप, तालाबंद नर्सिंग होम में आधा दर्जन से अधिक महिला मरीजों का चल रहा था उपचार

काशीपुर(उद संवाददाता)। झोलाछाप महिला चिकित्सक द्वारा जन्म विवरण पत्र जारी करने के मामले की जब जांच शुरू हुई तो चौकाने वाले तथ्य सामने आए। शुक्रवार को जन्म विवरण पत्र प्रकरण में जांच कर रही नगर निगम की टीम तथाकथित महिला चिकित्सक के ढकिया गुलाबो रोड स्थित आवास पर पहुंच गई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमरजीत सिंह साहनी ने जांच के दौरान पाया कि नर्सिंग होम पूरी तरह फर्जी तरीके से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने महिला को सख्त हिदायत देते हुए मकान में मौजूद लोगों को बाहर निकाल कर ताला जड़ दिया और महिला को जवाब तलब के लिए दस्तावेजों के साथ शनिवार को अपराह्न बाद 3:00 बजे नगर निगम कार्यालय में बुलाया गया लेकिन महिला नियत समय पर निगम कार्यालय नहीं पहुंची। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमरजीत सिंह साहनी जब स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ एक बार फिर शनिवार शाम महिला के तथाकथित पूनम गोला नर्सिंग होम पहुंचे तो वह देख कर दंग रह गए कि जिस मकान पर उन्होंने ताला लगाया था उसमें आधा दर्जन महिलाएं अंदर बैठी थी और एक महिला को डिप लगाकर ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बार फिर से फर्जी तरीके से संचालित नर्सिंग होम से मरीजों को बाहर निकाल कर विधिवत कार्यवाही करते हुए मकान को सील कर दिया। यहां बता दे कि पूनम गोला नामक महिला कथित तौर पर बीएससी नर्सिंग किए हुए हैं। अनुभवों के आधार पर पिछले कई वर्षो से वह अलग-अलग स्थान पर क्लिनिक अथवा नर्सिंग होम खोलकर गैर कानूनी ढंग से चिकित्सा सेवा में लिप्त है। वह अधिकांश डिलीवरी के मामलों को हैंडल करती बताई जा रही है। हाल फिलहाल झोलाछाप महिला चिकित्सक ने खुद के नाम के आगे डॉक्टर लिखना तथा जन्म विवरण पत्र जारी करना शुरू कर दिया। तथाकथित महिला चिकित्सक के द्वारा जारी किया गया यही जन्म विवरण पत्र उसके गले की फांस बन गया। यूपी के मुरादाबाद में बेनकाब हुई फर्जी महिला चिकित्सक पूनम गोला का डेली आवागमन है। मुरादाबाद के कुछ अस्पतालों में इसके तार सीधे तौर पर जुड़े बताए जा रहे हैं। कुछ झोलाछाप डॉक्टर कमीशन के लालच में प्रसव संबंधी मामलों को इसके पास डायरेक्ट भेज देते हैं। सूत्र बताते हैं कि प्रशासन के द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान बेनकाब हुई झोलाछाप महिला चिकित्सक पूनम गोला जनपद मुरादाबाद में कुछ स्थानों पर अपने ठिकाने बनाए हुए हैं जहां से यह पूरा रैकेट संचालित करती है।



# अखिल उद्योग व्यापार मंडल कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अखिल उद्योग व्यापार मंडल संपूर्ण भारत के बैनर तले शहर के वरिष्ठ व्यापारी नेताओं द्वारा बेठक के साथ स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर के व्यापारी नेता, गणमान्य लोग व मातृशक्ति ने भी भागीदारी की। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा का स्वागत किया गया।प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास दिलाया व्यापारियों के साथ हमेशा संगठन को भी साफ सुथरा और बेहतर बनाया जाएगा। उनकी कोशिश रहेगी कि सभी व्यापार मंडल एक बैनर लेकर एक साथ व्यापारी हितों के लिए कार्य करें। जिसके लिए कई व्यापारी नेताओं ने वरिष्ठ नेताओं के साथ संपर्क करेंगे। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मुखानी मंडल के अध्यक्ष पद पर दिगंबर भोजक को अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री भुवन चंद जोशी को बनाया गया। चंदन बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट जिला उपाध्यक्ष, संजय त्यागी प्रदेश सचिव, हसीन अंसारी जिला संयोजक, उमेश राणा, इकबाल हुसैन नगर उपाध्यक्ष,



अतुल प्रताप सिंह जिला प्रभारी नैनीताल, दीपक मेहरा नगर सचिव, पारस कुमार नगर उप सचिव, कुलवंत सिंह नागपाल कनिष्ठ उपाध्यक्ष, महानगर हरदीप सिंह नागपाल प्रचार मंत्री, मोहम्मद आसिफ, नारायण सिंह बड़ौदा प्रदेश उपाध्यक्ष, गोपाल सिंह रावत, हरीश चंद पांडे मुख्य संरक्षक, मोनिका शर्मा प्रदेश सचिव महिला, शशि सिंह जिला सचिव, मंजूषा मंडल सचिव, गगन ठकराल, विक्रम बरगली नगर सचिव, संजय त्यागी प्रदेश सचिव, अनुज कांत अग्रवाल संरक्षक, मुनमुन त्यागी, मोनिका गुप्ता, दिया फुलारा कार्यकारिणी सदस्य, विजय त्रिपाठी उपाध्यक्ष, अंकित चंदन सचिव, राजेंद्र सिंह चौहान, अनुज, जितेंद्र कुमार उपसचिव, दीपा तिवारी नगर उपाध्यक्ष महिला, ज्योति शर्मा महिला सचिव, मनोज कपूर जिला उप सचिव, हितेश भटियानी, विजय त्रिपाठी जिला सचिव, रविकांत मिश्रा, राजेश कांडपाल नगर उप सचिव, मन्नू रस्तोगी नगर सचिव, मोहम्मद इकबाल हुसैन नगर उपाध्यक्ष, मोहम्मद आसिफ, सचिन, मनोज कपूर सचिव,रविकांत मिश्रा नगर उप सचिव, विजय त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, नारायण सिंह बड़ौल प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिंह रावत मुख्य संरक्षक हरिश चंद पांडे मुख्य संरक्षकआदि बनाए गए। बैठक में महानगर अध्यक्ष डिंपल पांडे, महामंत्री परविंदर सिंह नागपाल, अतुल गुप्ता, भूपेंद्र बिष्ट, जीवन सिंह कार्की, कैलाश जोशी आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# पालम सिटी में किया पौधरोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पालम सिटी वेलफेयर सोसाइटी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कॉलोनी की सड़क के किनारे 60 पौधे लगाये गये। जिसमें पाखँड़, तेजपत्ता, नीम, चंपा, आवला, बेलपत्र, कदंब आदि के थे। पालम सिटी सोसाइटी हर वर्ष पेड़ लगाने के साथ इनका संरक्षण भी करती है। इस अवसर पर पालम सिटी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष भगवान सहाय अग्रवाल, महामंत्री देवेंद्र केशरवानी, उपाध्यक्ष पुष्कर पाठक, कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, डॉ अर्जुन टम्टा, राजेश पूरी, शशीभूषण अग्रवा, संजीव अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पुनीत साहनी, देवेश गुप्ता, प्रफुल गुप्त, ऋषि गुप्त, कश्मीरी गोयल, महेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



# दर्जा राज्य मंत्री मजहर ने बनभूलपुरा की पेयजल व्यवस्थाएं देखीं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग दर्जा राज्य मंत्री मजहर नईम नवाब द्वारा हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के राजपुरा, बनभूलपुरा, उत्तर उजाला व अन्य क्षेत्रों में पेयजल की दिक्कत को लेकर जल संस्थान जल निगम के अधिकारियों के साथ संबंधित ट्यूबवेल और टैंकों का निरीक्षण किया। पेयजल की सप्लाई किस तरीके से ठीक हो इसको लेकर ऊर्जा विभाग पेयजल निगम जल संस्थान के अधिकारियों के साथ वार्ता कर कहा बिजली की सप्लाई ठीक से हो रोस्टर के अनुसार कटौती ना की जाए। इसको लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नए ट्यूबवेल के लिए प्रस्ताव बनाने के लिए कहा। मौके पर चिन्हित जगह की गई व उत्तर उजाला क्षेत्र में चल रहे सीवर के कार्यों के निरीक्षण किया। नवाब ने बताया 23 करोड़ 40 लाख की लागत से लाइन नंबर एक से लाइन नंबर 17 तक उत्तर उजाला राजपुर क्षेत्र में डेढ़ माह से चल रहे सीवर के कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश



दिया गया है। सीवर के कार्य के बाद क्षेत्र की सारी गलियां सड़क का निर्माण का कार्य एक माह के बाद किया जाएगा। नवाब ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हल्द्वानी शहर में 100 करोड़ की लागत से सीवर पेयजल सड़कों के निर्माण के कार्य चल रहे हैं जिस 25 करोड रुपए की लागत से अमृत योजना के तहत बनभूलपुरा क्षेत्र में पूर्व में कई विकास के कार्य किए गए। राजपुर क्षेत्र में जवाहर नगर श्मशान घाट की बराबर में ट्यूबवेल का निर्माण कराया गया व जल्द सीवर लाइन के कार्य के बाद नाली खड़ंजे सड़क के कार्य को पूरा कराया जाएगा। पूर्व सरकारों ने मात्र क्षेत्र में वोट बैंक की राजनीति की विकास से वंचित रखा। आज भाजपा की सरकार पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ हो या विकास के कार्य हो किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान महबूब अली, फारुख अंसारी, नाजिम सैफी, यूनुस अल्वी, चांद वारसी, शाकिर अंसारी, अनवर सैफी, मोहम्मद अली, सुलेमान, सलीम, असगर अली व पेयजल निगम जल निगम के अधिकारी मौजूद रहे।

# बॉब ने दिव्यांग स्कूल को दिए सीलिंग फैन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बैंक ऑफ बड़ौदा के 117 वे स्थापना दिवस पर रामनगर ब्रांच के शाखा प्रबंधक अनसा राज, सहायक प्रबंधक दीपक कुमार व ऋषभ नंदन शर्मा द्वारा यूएसआर दिव्यांग स्कूल पीरूमद्वारा मे 6 सीलिंग फैन भेंट किए गए। ब्रांच की ओर से बच्चों को केक, बिस्किट, समोसा, नमकीन वितरण



किया गया। दिव्यांग बच्चों ने खूब मस्ती की। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि हमें बच्चों के साथ रहकर बहुत अच्छा अनुभव हुआ। इस अवसर पर दिव्यांग स्कूल के डायरेक्टर संदीप रावत ने बैंक प्रबंधक का धन्यवाद अदा किया।

# आपदा प्रभावित लोगों को शीघ्र मुआवजा मुहैया कराएं: दीपक

## मंडलायुक्त ने जन सुनवाई में किया समस्याओं का समाधान



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई कर मौके पर अनेक शिकायतों का समाधान किया। जन शिकायतों में अधिकांश शिकायतें, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद व अतिक्रमण, सडक, जलभराव, आपदा राहत, दिव्यांगजनों की आदि से सम्बन्धित आई। काफी वर्षो से लम्बित भूमि विवाद की समस्याओं में धनराशि व भूमि वापस मिलने पर लोगों द्वारा आयुक्त का आभार व्यक्त किया।जनसुनवाई में दिव्यांगजनों द्वारा बताया गया कि उत्तराखण्ड परिवहन की बसों में उन्हें बैठने के सीट उपलब्ध होने के बावजूद भी सीट नही दी जाती है। आयुक्त ने आरएम रोडवेज को निर्देश दिये हैं कि दिव्यांगजनों के लिए बस की गेट के पास ही सीट आरक्षित की व्यवस्था हैं। अगर कोई सामान्य यात्री बैठ गया है तो दिव्यांग यात्री के आने पर सीट को खाली करना होगा।दिव्यांजनों को उनकी आरक्षित सीट पर सुविधापूर्वक बैठाना परिचालकों की जिम्मेदारी होगी। ग्राम पंचायत नाईसेला निवासी राजू ने बताया कि तोक मौना में 14 जुलाई को भारी वर्षा के कारण उनके घर में मलवा आने से रहना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आपदा मद से आर्थिक सहायता की मांग की। आयुक्त ने मौके पर उपजिलाधिकारी नैनीताल को जांच कर शीघ्र मुआवजा देने के निर्देश दिये और कहा कि जनपद में कही भी आपदा के कारण लोगों के भवनों, पशुओं का नुकसान हुआ है तो शीघ्र सर्वे कर नियमानुसार मुआवजा राशि मुहैया कराना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में चौफुला चौराहा निवासियों ने आयुक्त को नाले के द्वारा पानी आने से जलभराव की समस्या से अवगत कराया। जिस पर आयुक्त ने कहा कि तात्कालिक कार्य सिचाई विभाग द्वारा शीघ्र प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये है। उन्होंनें कहा स्थायी समाधान हेतु 64 लाख की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है सिचाई, एडीबी, लोनिवि को जलभराव के स्थायी समाधान के संयुक्त सर्वे कराने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त कार्यालय में तैनात वीरेन्द्र पाण्डे ने बताया कि भवन निर्माण हेतु उन्होंने बैंक में 12 लाख लोन हेतु आवेदन किया था। बैंक द्वारा सभी अभिलेख एवं भवन की जांच की गई लेकिन कई माह गुजरने के पश्चात उन्हें लोन स्वीकृत नही किया गया। जिस पर आयुक्त ने बैक अधिकारियों को तलब कर भवन निर्माण हेतु लोन देने मे देरी के बारे में पूछा गया। जिस पर बैंक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि श्री पाण्डे को 23 जुलाई मंगलवार तक लोन स्वीकृत कर धनराशि जारी कर दी जायेगी। जनसुनवाई में योगेश मिश्रा पूर्व उपनिदेशक सूचना के द्वारा बताया गया कि उनके पैतृक निवास उधमसिंह नगर निगम क्षेत्र में स्थित है। पैतृक भवन में उनके भाई द्वारा अवैध कब्जा किया है। उन्होंने भवन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का अनुरोध किया। बसंत पाण्डे गायत्री वेदमाता ट्रस्ट द्वारा बताया गया कि उनके ट्रस्ट की भूमि का मुआवजा भुगतान नही हुआ। इंदर बिष्ट निवासी हल्द्वानी ने बताया कि नगर पालिका दुकान नम्बर 137 रामलीला मोहल्ला में उनके पिताजी की दुकान थी लेकिन मृत्यु के पश्चात उस दुकान पर विरेन्द्र सिह ने कब्जा कर लिया है। खीम सिंह पूर्व सैनिक ने बताया कि विद्युत रीडर मीटर में रीडिंग चौक नही करने और अधिक रीडिंग का बिल देने के बारे में बताया।

# आपदा राहत कार्य में कोई ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं : डीएम

## जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों से सर्तक रहने की अपील

रुद्रपुर(उद संवाददाता) मौसम विभाग, देहरादून से जारी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 21 एवं 22 जुलाई को जिले में भारी से अत्यन्त भारी बारिश होने की संभावना को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। जिसको देखते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते हुये कहा कि इस अवधि में अतिवृटि/ ओलावृटि/ आंधी तूफान से संभावित क्षति एवं मार्ग बाधित होने, नगरीय- ग्रामीण और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं आदि से तत्परता से निपटने हेतु जनपद के समस्त अधिकारी हाई अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से भी सतर्क रहने की अपील की। जिलाधिकारी ने जिले के सभी एसडीएम को जलभराव वाले क्षेत्रों में सभी सुरक्षात्मक उपाय, जोखिम भरे स्थानों से लोगों को तुरंत स्थानांतरित करने, स्थानीय निकाय पर्याप्त मशीनरी और जनशक्ति को अलर्ट पर रखने, स्वास्थ्य टीम अलर्ट मोड पर रहते हुए गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को अस्पतालों में स्थानांतरित करने, आवासीय क्षेत्रों में पानी जाने से रोकने के लिए सभी उपाय और सभी विभागों को समन्वय बनाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी नदी, नालों, डैम के जलस्तर पर पैनी नजर रखने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए साथ ही बाढ जलभराव संभावित क्षेत्रों में पैनी नजर रखने के निर्देश उपजिलाधिकारियों व संबंधित अधिकारियों को दिए।




जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा राहत कार्य में कोई कोताई- ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, सभी विभागीय अधिकारी पास जो भी संसाधन हैं को तैयार रखें तथा फील्ड स्टाफ को भी सतर्क रखें। उन्होंने जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त जिला, परगना, विकास खण्ड एवं सम्बन्धित क्षेत्र के अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय पर बने रहेंगे तथा अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाइल 24 घंटे ऑन रखेंगे तथा प्रत्येक घण्टे की आपदा सम्बन्धी सूचना तहसील कन्ट्रोल रूम एवं जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र 05944-250250, 250719, 250222, 250500 तथा ट्रोल फ्री नम्बर 1077 तथा मो0नं- 9412088410 पर आवश्यक रूप से सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।बैठक में वीसी प्राधिकरण अभिषेक रूहेला, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एडीएम अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, असिस्टेंट कमाण्डेंट एनडीआरएफ सुनील कुमार, एसीएमओ डॉ. राजेश आर्य, डीएसओ विपिन कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि ओपी सिंह, सिंचाई पीसी पाण्डे, ए एस नेगी, विद्युत विजय सकारिया, पुलिस उपाधीक्षक आर डी मठपाल, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण एवं रात्रि विश्राम करेगें अधिकारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री के प्राथमिकताओं में सम्मिलित कार्यक्रम सरकार जनता के द्वार अन्तर्गत ग्रामीण जनता की समस्याओं का निराकरण ग्राम स्तर पर ही करने हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि 48 जनपदीय अधिकारी रोस्टर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण/रात्रि विश्राम सुनिश्चित करेगें। उन्होने निर्देश दिये कि अधिकारी रोस्टर के अनुसार विकासपरक कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने, जन सुनवाई एवं समस्या निस्तारण करने के साथ ही निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट देना सुनिश्चित करेगें। निधरित रोस्टर के अनुसार माह जुलाई व अगस्त में जिलाधिकारी द्वारा माह जुलाई में तहसील जसपुर के ग्राम सीपका व अगस्त में काशीपुर के ग्राम कचनालगाजी में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत भ्रमण/रात्रि विश्राम किया जायेगा। इसी तरह मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माह जुलाई में तहसील जसपुर के ग्राम मिलक सीपका, अगस्त में काशीपुर के ग्राम कचनाल गुसाई में, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा जुलाई में जसपुर के ग्राम मनोरथपुर प्रथम व अगस्त में काशीपुर के कटैया में, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा जुलाई मे जसपुर के मनोरथपुर द्वितीय व अगस्त में काशीपुर के कनकपुर में, बन्दोबस्त चकबन्दी अधिकारी द्वारा जुलाई में जसपुर के मनोरथपुर तृतीय व अगस्त में काशीपुर के करनपुर में, जिला विकास अधिकारी द्वारा जुलाई में जसपुर के दादूवाला व काशीपुर के कुआ खेड़ा में, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा जुलाई में जसपुर के तालवपुर व अगस्त में काशीपुर के गढ़ी गंज में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत भ्रमण/रात्रि विश्राम किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा इसी तरह अन्य अधिकारी निर्धारित रोस्टर के अनुसार माह जुलाई व अगस्त में भ्रमण/रात्रि विश्राम कर जांच रिपोर्ट देना सुनिश्चित करेगें। उन्होने निर्देश दिये कि अधिकारी ग्राम भ्रमण कार्यक्रम की सूचना पूर्व में ही तहसील, ब्लाक तथा ग्राम स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों के माध्यम से ग्राम पंचायत में देना सुनिश्चित करेगें।

# फिर बेटी होने पर बहू से मारपीट

हल्द्वानी। हल्द्वानी के लालडांठ निवासी एक महिला के दूसरी पुत्री को जन्म देने पर ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया। पति, सास और ननद की ओर से महिला को लात-घूंसे और प्रेशर कुकर से पीटा गया। महिला ने मुखानी पुलिस को शिकायत कर क्रूरता की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज उपलब्ध कराई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया है। लालडांठ रोड निवासी रेखा जोशी ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में हुई। शादी के बाद पति ने बेटे की चाहत में भ्रूण जांच का दबाव बनाया। साथ ही बेटी पैदा होने पर दोनों को मारने की धमकी भी दे डाली। महिला ने जब इसका विरोध किया तो गर्भावस्था में उससे मारपीट की, जिससे उसका गर्भपात हो गया। बताया कि 20 दिसंबर 2023 को उसने फिर बेटी को जन्म दिया। इसके बाद उसके पति व अन्य ससुरालियों का व्यवहार उसके लिए बदल गया। वे उससे मारपीट करने लगे। यहां तक कि कमरे में कैद कर खाना-पीना भी बंद कर दिया। आरोप है कि 13 जून की रात आरोपियों ने महिला को लात-घूंसो और प्रेशर कुकर से पीटा। शरीर पर कई जगहों पर काटा भी। महिला ने इसका सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दी है। उधर ये वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो में कई लोग एक महिला को मारते दिख रहे हैं। एक छोटी बच्ची महिला को बचाने का प्रयास करती हुई दिखती है। महिला के सिर में एक दूसरी महिला कूकर से वार करते हुए भी दिख रही है। एसओ मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले को काउंसलिंग के लिए भेज दिया है।

गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा एवं

श्री बालाजी दरबार

दिनांक 21 जुलाई 2024, दिन रविवार शाम 8.00 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम मंदिर, शैलजा फार्म, रूद्रपुर

निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट,रूद्रपुर
सम्पर्क सूत्रः- 9897545454, 8272020006

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

रामनगर(उद संवाददाता)।रविवार की सुबह रामनगर क्षेत्र के ग्राम पूछड़ी इलाके में इसी गांव के रहने वाले एक युवक का शव पेड़ पर लटका देख इलाके में हड़कंप मच गया मौके से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी जिसके बाद कुछ लोगों द्वारा इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई, घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की जानकारी मौके पर मौजूद ग्रामीण से ली। शव की शिनाख्त गौरव बोरा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम हनुमानगढ़ी पूछती के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। वही मृतक के परिजनों का आरोप है कि गौरव ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों द्वारा लगाया जा रहे आरोपी की भी जांच की जा रही है जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# खेत में रास्ते को लेकर किसान पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम रायपुर में खेत के रास्ते को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने किसान व उसके परिवार पर हमला कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अमरीक सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी ग्राम रायपुर ने कहा है कि उसके खेत से 50 वर्षों से पुराना रास्ता है। पड़ोसी सुरजीत सिंह, इनके पुत्र लखविन्दर उर्फ लक्की, हरजिन्दर सिंह उर्फ बनिया उसके खेत से अलग से 30 फिट का रास्ता मांग रहे हैं। मना करने पर उन्होंने उस पर उसके भाई अमरजीत सिंह व परिवार पर लाठी डंडा से मारपीट की। परिवार ने किसी प्रकार अपनी जान बचायी। उक्त लोग जाते-जाते परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गये। उक्त लोगों द्वारा उसे व उसके परिवार को पूर्व में कई बार जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है।

# घर से कॉलेज जाने के लिए निकली छात्रा लापता

हल्द्वानी। हल्द्वानी में घर से कॉलेज जाने के लिए निकली छात्रा 19 जुलाई को लापता हो गई। परिजनों के खोजने पर भी जब कुछ पता नहीं चला, तब उन्होंने काठगोदाम पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। हल्द्वानी में घर से कॉलेज जाने के लिए निकली छात्रा 19 जुलाई को लापता हो गई। परिजनों के खोजने पर भी जब कुछ पता नहीं चला, तब उन्होंने काठगोदाम पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक किशोरी के पिता ने बताया कि 19 जुलाई सुबह सात बजे उनकी बेटी कॉलेज जाने के लिए घर से निकली। काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। कुछ भी पता नहीं चलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी दी। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि किशोरी के कॉलेज आदि में पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए हैं। जल्द ही किशोरी को तलाश कर लिया जाएगा।

किराये हेतु

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 बीएचके और 3 बीएचके साइज के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# रकसिया, कलसिया, देवखड़ी नालों के किनारे हटाएं अतिक्रमणः डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कैंप कार्यालय में रकसिया, कलसिया, देवखड़ी सहित अन्य नालों और साथ ही उनके आस पास हो रहे अतिक्रमण के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। हल्द्वानी नगर के विभिन्न नालों के बहाव क्षेत्र में अतिक्रमण होने के कारण हर वर्ष बरसात में किनारे पर बसे परिवारों को खतरा होता है, जिसके स्थाई समाधान के लिए नालों से अतिक्रमण को हटाकर वर्षा जल हेतु सुरक्षित निकास देना आवश्यक है। पिछले दिनों प्रारंभिक सर्वे के बाद नालों से अतिक्रमण हटाने हेतु राजस्व, वन, सिंचाई, नगर निगम के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाई गई थी, जिसकी बैठक कर जिलाधिकारी ने अतिक्रमण के चिन्हीकरण, नोटिस और ध्वस्तीकरण की संपूर्ण कार्यवाही के लिए समय सीमा तय की और विभागों को मूल दस्तावेजों के साथ मौके पर सभी नालों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में तेज बहाव वाले नालों और वाली नदी, नालों का समय समय पर निरीक्षण और सर्वे करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि तेज बहाव वाले नदी, नालों में साइन बोर्ड के चेनेलाइजेशन और प्रोटेक्शन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने देवखड़ी नाले पर स्थाई समाधान हेतु नाले के शुरुवात में भदयूनी से आरंभ कर पूरे कैचमेंट एरिया



उनके सुरक्षात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मानसून के दौरान सभी विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहने की निर्देश दिए। उन्होंने ज्यादा बहाव लगाए गए हैं जिससे तेज बारिश बहाव के दौरान लोग नदी, नालों के आस पास या आवाजाही करने से बच सकें। पिछले दिनों हुई भारी बारिश से क्षतिग्रस्त नालों से सर्वे कराने की बात कही, जिससे छोटे छोटे चेक डैम बनाए जा सकें, जिससे नदी के बैंक और आबादी भी सुरक्षित रहे। डीएम ने कहा कि देवखड़ी नाला काफी पुराना हो गया तथा दीवारों भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं जिसके सुदृढ़ीकरण हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश सिंचाई को दिए। बैठक के दौरान उन्होंने दमुवाढूंगा, रकसिया, कलसिया आदि के आस पास खाली सरकारी भूमि को चिह्नित कर ताड़बाड़ या तथा नोटिस बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन दिनों अवैध रूप से स्टांप पर सरकारी भूमि खरीद फरोख्त के मामले देखने को मिल रहे हैं। जिन पर अलग अलग विभागों से कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सरकारी भूमि में ताड़बाड़ सुरक्षा दीवार और साइन बोर्ड लगाने से लोग ठगों के झांसे में आने से बच सकेंगे। साथ ही लोगों को भूमि लेन देन के समय भूमि के दस्तावेज के सत्यापन करने और सावधान रहने की बात कही। बिना रजिस्ट्री कराए कम मूल्य के स्टांप पर भूमि न खरीदने के लिए जागरूकता हेतु नोटिस बोर्ड सभी तहसीलों में लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित विभाग अधिकारियों को रकसिया कलसिया नाले की पुरानी वास्तविक चौड़ाई को रिस्टोर करने हेतु वन, सिंचाई, राजस्व विभाग को सर्वे करने के निर्देश दिए। इसके लिए नक्शों के अनुरूप नालों की चौड़ाई को रिस्टोर किया जाना है। नालों में कब्जा और अतिक्रमण कर रहे लोगों को नोटिस और सरकारी भूमि को चिह्नित कर निशान लगाने की कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि में अतिक्रमण कर रहे लोगों को 15 दिन के भीतर नोटिस की सुनवाई कर निस्तारित करें। बैठक में डीएफओ दिगांत नायक, एसडीएम परितोष वर्मा, एसडीओ शशि सिंह, ममता चंद और अन्य लोग मौजूद थे।







"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास।
आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



"प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखण्ड समय के साथ परिवर्तनकारी विकास का साक्षी बन रहा है। अत्याधुनिक रोपवे परियोजनाओं के साथ-साथ रेलवे, सड़क और हवाई संपर्क की दिशा में प्रगति हो रही है। इससे उत्तराखण्ड में यात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं। ये बदलाव न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं, बल्कि कुशल परिवहन भी सुनिश्चित करते हैं। ये राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देते हैं। आध्यात्मिक, रोमांचक और सांस्कृतिक पर्यटन के प्रभाव के चलते यह दुनिया भर के आगंतुकों के लिए एक पंसदीदा गंतव्य बन रहा है। हम सतत विकास के लिए दृढ संकल्पित हैं। अपनी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित



करते हुए एक समृद्ध कल की ओर देख रहे हैं। ”

जय हिन्द-जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## विकसित भारत, विकसित उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट - 2023 के दौरान राज्य सरकार के साथ कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये के हुए निवेश समझौते। जिसमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउण्डिंग।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेललाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।
- नैनीताल जिले की बहुद्देशीय जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम की लखवाड़ परियोजना को मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफ़र हुआ आसान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिये पर्वत माला परियोजना को मिली मंजूरी। केदारनाथ, हेमकुंड साहिब एवं पूर्णागिरी मंदिर तक रोपवे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- उधमसिंहनगर के किच्छा क्षेत्र में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखण्ड के सीमांत गावों का हो रहा चहुँमुखी विकास।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट एवं पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रुप में विकसित करने हेतु कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री ने दिया वेड - इन - उत्तराखण्ड का मंत्र। जिसके तहत राज्य सरकार नए वेडिंग डेस्टीनेशन का कर रही निर्माण।

**नीति आयोग भारत सरकार की ओर से एसडीजी 2023-24 की रिपोर्ट जारी की गई है।**

**रिपोर्ट में उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ट्रेन हादसों की बढ़ती घटनाएं

देश के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह लगातार ट्रेन हादसों की घटनाएं हो रही हैं, उससे ऐसा लगता है मानो दुर्घटनाएं अब आम दिनचर्या का हिस्सा बन रही हैं और इसे लेकर प्रकारांतर से सहज होने की स्थितियां बन रही हैं। विचित्र है कि हर हादसे के सुर्खियों में आने और सवाल उठने के बाद सरकार यह घोषणा करने की औपचारिकता निभाना नहीं भूलती कि घटना की जांच की जाएगी, ऐसे उपाय किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा न हो। मगर फिर कुछ दिन बाद देश के किसी हिस्से से अन्य बड़ी रेल दुर्घटना की खबर आ जाती है और कभी भी रेल महकमे के मंत्री को जिम्मेदारी लेने की जरूरत नहीं महसूस होती। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में गुरुवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक एक्सप्रेस ट्रेन के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए, जिनमें से पांच पलट गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम बीस अन्य के घायल हो गए। यह हादसा यही बताता है कि रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने के सरकार के तमाम दावे महज आश्वासन भर हैं। ऐसा क्यों है कि एक ओर रेल महकमे को आधुनिक स्वरूप देने, उच्च तकनीकी से लैस करने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर पटरियों पर होने वाले हादसे रुक नहीं रहे हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर इसके कारणों को लेकर लंबी पड़ताल चलेगी और आम जनता को शायद ही पता चलेगा कि इसकी क्या वजह थी और इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया गया, क्या कार्रवाई हुई और इस संदर्भ में सरकार ने क्या ऐसे उपचारात्मक उपाय किए, ताकि भविष्य में ऐसा हादसा फिर न हो। अफसोस की बात यह है इस तरह की कवायदें सभी हादसों के बाद होती हैं, मगर कुछ समय बाद होने वाले हादसे सरकारी आश्वासनों की हकीकत बताने के लिए काफी होते हैं। ट्रेनों के आपस में टकरा जाने के अलावा हाल के दिनों में पटरियों पर से उतर जाने की घटनाएं जिस रफ्तार से बढ़ी हैं, उससे यह साफ है कि या तो किसी रूप में पटरियों से छेड़छाड़ की आपराधिक घटनाएं हो रही हैं या फिर रखरखाव के पहलू से रेल महकमा पर्याप्त निगरानी और मरम्मत का काम सुनिश्चित करने में नाकाम है। आए दिन यह बताया जाता है कि रेल दुर्घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए आधुनिक तकनीकी का सहारा लिया जा रहा है। 'कवच प्रणाली' के जरिए ट्रेनों के आपस में टक्कर होने को पूरी तरह रोकने का दावा किया जाता है। मगर कुछ समय के अंतराल पर आमने-सामने या पीछे से ट्रेनों की टक्कर और उसमें लोगों के मारे जाने से कवच प्रणाली की सीमा का पता चलता है कि यह कितनी ट्रेनों को उपलब्ध कराया गया है या जिसमें है, उसमें कितना कारगर है। ट्रेनों की रफ्तार को और ज्यादा बढ़ाने को एक यात्री सुविधा के रूप में पेश किया जाता है, मगर पटरियों की गुणवत्ता का सवाल प्राथमिक नहीं होता। बुलेट ट्रेन या अन्य तेज रफ्तार ट्रेनों की व्यवस्था के दावे सुर्खियों में होते हैं, वहीं मौजूदा रेल-संचालन को भी यात्रियों के लिए पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जा पा रहा। रेल महकमे में कितने पद खाली हैं और उन पर भर्तियों को लेकर क्या योजना है, उस पर विचार करना और इसे हादसों के कारण के रूप में चिह्नित करना एक उपेक्षित मसला है। सवाल है कि पटरियों पर हर वक्त एक जोखिम के साथ दौड़ती ट्रेनों के सफर को किस भरोसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का दावा किया जा रहा है।

# त्रिवेंद्र की आम पार्टी ने लगाया सियासी तड़का

**❑अब त्रिवेंद्र रावत की आम पार्टी में हरीश रावत की एंट्री से कांग्रेस में भूचाल**
**❑हरक और रंजीत ने लगाया सत्ताधारियों की चापलूसी करने का आरोप**



देहरादून(उद ब्यूरो)। भाजपा के एक रावत की दावत में कांग्रेस के दूसरे रावत के जाने से तीसरे रावत नाराज हो गए। दरअसल, यह मामला हरिद्वार के सांसद व पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत की आम की दावत का है। इस दावत में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत त्रिवेंद्र के घर पहुंचे। इधर हरीश ने त्रिवेंद्र के घर में आम का स्वाद चखा, उधर कांग्रेसी दिग्गजों के दांत खट्टे हो गए। हरीश रावत और त्रिवेंद्र की जुगलबंदी कोई नई नहीं है। जब त्रिवेंद्र सीएम थे, तब हरीश रावत की आम, काफल और माल्टा पार्टी में तत्कालीन मुख्यमंत्री को भी निमंत्रण दिया जाता था। त्रिवेंद्र भी हरीश की इन दावतों में शामिल होते थे। तब रावतों की ये दावतें सियासी सुर्खियां बंटोरती थीं। बृहस्पतिवार को त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हरीश के अंदाज में आम पार्टी का आयोजन किया। डिफेंस कालोनी स्थित अपने आवास पर आम पार्टी में शामिल होने के लिए त्रिवेंद्र पड़ोसी बन चुके हरीश रावत को निमंत्रण देना नहीं भूले। हरीश रावत उनकी इस दावत में पहुंचे। आम खाने और खिलाने वाली तस्वीरें अगले दिन अखबारों में प्रमुखता से छपीं। इसके बाद कांग्रेसी दिग्गजों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं, जो दावत को लेकर अदावत के संकेत दे रही थीं। हरीश का त्रिवेंद्र की दावत में शामिल होना कुछ दिग्गज नेताओं को नहीं सुहाया। हालांकि पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत ने तंज कसते हुए कहा कि मेरे खिलाफ ईडी और सीबीआई का छापा इन्हीं लोगों की देन है। तंज कसने से रंजीत रावत भी पीछे नहीं रहे। हरक ने तो खुलकर अपना दर्द बयां कर दिया। बोले उत्तराखंड कांग्रेस के प्रभारी रहे देवेंद्र यादव के समय कांग्रेस पार्टी भर्ती घोटाला, भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रही थी। उस समय पार्टी के यही नेता भाजपा सरकार के मुखिया की तारीफ करते थे। इससे पार्टी का संघर्ष बेकार हो जाता है। यह बात सही है कि राजनीति में संबंध अच्छे रहने चाहिए। सत्ताधारियों की चापलूसी करने से कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है, जो पार्टी के लिए अच्छा नहीं है। हरीश रावत के करीबी रहे कांग्रेस नेता रंजीत सिंह रावत ने कहा कि त्रिवेंद्र रावत की आम दावत आम नहीं खास है। पार्टी नेताओं की इस तरह की गतिविधियों से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है। लोकसभा चुनाव के दौरान भी पीएम मोदी का गुणगान किया गया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कहा गया कि कार्यशैली कमजोर है। बहरहाल 2024 के लोकसभा चुनाव में धमकाकेदार जीत के बाद पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने विरोधियों को आईना दिखाया है और धुर विरोधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सीएम हरीश रावत को आम पार्टी में बुलाकर अपनी राजनैतिक शिष्टता का परिचय भी दिया है।

## राजनीतिक सौहार्द और शिष्टाचार को आगे बढ़ाने की पहल मैं नहीं करूंगा तो फिर कौन करेगा?

देहरादून। पूर्व सीएम हरीश रावत ने आम पार्टी में जाने को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए करारा हमला बोल दिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है कि राजनीति की भी कैसी माया है? आम मैंने खाया और राजनीतिक मुंहपके के बीमार कुछ और लोग हो गये। मैंने दिन के उजाले में आम खाया है। मैं रात के अंधेरे में मुख्यमंत्री जी के पास अपना या अपने करीबी का क्रेसर बचाने के लिए नहीं गया, न मैंने लोकसभा के चुनाव में चुप्पी साधने का किसी को वचन दिया! राजनीति के अंदर राजनीतिक सौहार्द और शिष्टाचार को आगे बढ़ाने की पहल मैं नहीं करूंगा तो फिर इस राज्य के अंदर उस व्यक्ति का नाम बताइए जो इस पहल को करेगा? एक-दो ही लोग हैं जिनको इस तरीके की पहल प्रारंभ करनी चाहिए और दोनों तरफ से करनी चाहिए। राजनीति सिद्धांतों, विचारों और परिश्रम का खेल है। मैं उन लोगों से सीख नहीं लेना चाहूंगा, जिन लोगों ने विधानसभा चुनाव से पूर्व हुए सल्ट के उप चुनाव में पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ खुलेआम काम कर सल्ट में जी-तोड़ मेहनत कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं का अपमान किया था। मैं तो 57 साल से कांग्रेस की राजनीति में एक निष्ठ भाव से एक ही स्थान पर खड़ा हूं और जो स्थान बदलने के विषय में माहिर हैं। जिनके विषय में कहां नहीं जा सकता है कि आज कहां हैं और कल कहां होंगे? ऐसे लोग कम से कम मुझे पार्टी की निष्ठा के संबंध में उपदेश न दें तो अच्छा रहेगा।

# ग्राम पंचायत संवेदीकरण की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




गदरपुर (उद संवाददाता)। विकास खण्ड गदरपुर में भारतीय मानक ब्यूरो का ग्राम पंचायत स्तरीय संवेदीकरण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकास खण्ड गदरपुर में दिनांक 20 जुलाई 2024 में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ग्राम पंचायत स्तरीय संवेदीकरण, एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकास खण्ड गदरपुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकास खण्ड गदरपुर श्री राजपाल सिंह चौहान द्वारा किया गया तथा कार्यशाला में मंचासीन खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर श्रीमती अतिया परवेज, सहायक खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर श्री शेखर जोशी एवं विकास खण्ड - गदरपुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यशाला में भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन श्री दीपक कुमार पांडे द्वारा ग्राम पंचायत विकास अधिकारियो एवं ग्राम विकास अधिकारियो तथा सम्मानित ग्राम प्रधानो को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा, कृषि एवं निर्माण के लिये निर्धारित मानको की जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियो को बताया गया कि किस प्रकार से भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निधारित मानकों का पालन करने से निर्माण कार्यो की गुणवत्ता में सुधार किये जा सकते है। साथ ही किसान / कृषक अपने उत्पादो में गुणवत्ता लाकर अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के प्रत्येक विकास खण्ड में ग्राम पंचायत संवेदीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला कार्यक्रम पृथक-पृथक तिथियों में आयोजित किये जा रहे हैं। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती अतिया परवेज द्वारा कार्यशाला को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुये उक्त कार्यशाला के बिषय वस्तु को अत्याधिक जन उपयोगी बताया गया।

# ड्रग सप्लायर साले के खिलाफ कार्रवाई की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के एक जागरूक व्यक्ति ने पुलिस को लिखे एक एक पत्र में अपने साले पर ड्रग सप्लाई करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। उसका कहना है कि उत्तर प्रदेश निवासी उसका साला ड्रग सप्लायर है जो आए दिन उसकी गैर मौजूदगी में उसके घर आता जाता है। उसका आरोप है कि साला ट्रांजिट कैम्प में तमंचा, कट्टा, अफीम, स्मैक, चरस लाकर सप्लाई करता है। उसके साथ में उसकी गैर मौजूदगी में उसके कमरे पर कई लड़के भी आते है। उसे भय है कि साला भविष्य में कोई बड़ी घटना घटित कर सकता है।

# किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर। घर से सूट सिलवाने के लिए निकली एक किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्जकर गायब किशोरी का पता लगाना शुरू कर दिया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ढकिया गुलाबो टांडा उज्जैन निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 18 जुलाई को उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से सूट सिलवाने के लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। इस दौरान तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

# विजडम पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह आयोजित

रूद्रुपर( उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह पटवाल जी द्वारा किया गया।शिक्षक श्री आयुष दत्त जी तथा श्री महेंद्र कुमार जी के निर्देशन में विद्यालय का अलंकरण समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह पटवाल जी,सचिव श्रीमती सुधा पटवाल जी, उपप्रधानाचार्या श्रीमती साक्षी मिश्रा जी सहित सभी शिक्षक /शिक्षिकाएं उपस्थित थे। शिक्षिका कुमारी प्रियंका पंत जी ने कुशल मंच संचालन से समा बांध दिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की शिखर संस्था में हेड बॉय सूरज सिंह सम्मल, हेड गर्ल पूजा गोस्वामी, डिप्टी हेड बॉय प्रवेश शुक्ला, डिप्टी हेड गर्ल वंदना यादव को नियुक्त किया गया। इसी क्रम में मोहित राजपूत तथा ओमकार शाह



को डिसिप्लिन इंचार्ज, प्रथम विश्वकर्मा तथा निखिल रावत को स्पोर्ट्स इंचार्ज, अंजलि बिष्ट तथा महक बिष्ट को को -करिकुलर एक्टिविटी इंचार्ज का कार्यभार सौंपा गया। सभी छात्र /छात्राओं ने अपने पद की गरिमा तथा प्रतिष्ठा को बनाये रखने के लिए शपथ ग्रहण की। उपप्रधानाचार्या श्रीमती साक्षी मिश्रा ने विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों के बारे में बताते हुए हार्दिक शुभकामनायें दीं। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह पटवाल जी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गुफा में दो दिन से फंसे बैल की बचायी जान

बागेश्वर( उद संवाददाता)। फायर ब्रिगेड की टीम आपातकालीन स्थिति में जान जोखिम में डालकर भी किसी भी रेस्क्यू अभियान को अपनी कुशलता और कड़ी मेहनत से सफल बना देते हैं, खाकी सबकी साथी की तर्ज पर फायर ब्रिगेड कर्मियों की सूझ बूझ से झिरोलो थाना क्षेत्र के बेहरगांव के जंगल (मझैकडाना) दमोला फील्ड के नीचे एक गहरी गुफा में दो बैल के लगभग दो-तीन दिन से फंसने की सूचना मिली।कॉलर की सूचना पर अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत ने तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को आवश्यक उपकरणों के साथ घटनास्थल पर भेजा, साथ ही मौके पर जेबीसी मशीन भी बुलाई गई।लगभग15 फिट गहरी गुफा में फंसे बैलों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए अभियान चलाया। वही बैलों के फंसे हुए स्थान के पास सड़क नही होने से जेसीबी मशीन वहाँ तक नही पहुँच पाई।जिसके बाद कड़ी मेहनत से फायर ब्रिगेड के जवान जान जोखिम में डालकर गहरी गुफा में गए,



जहाँ से फंसे हुए बैलों के जोड़े को घबराए हुए स्थिति में फायर ब्रिगेड कर्मियों को भी जानमाल का खतरा होने की आशंका बनी रही, वही कर्मियों के कुशल रेस्क्यू अभियान के बाद जैसे तैसे गुफा में अंदर फंसी हुई बैलों के जोड़े को गुफा से सुरक्षित बाहर निकाला। फायर टीम की टीम ने विशेष उपकरण क्रोवार की मदद से गुफा के मुहाने को अत्यधिक परिश्रम से तोड़ कर बड़ा किया,जिसके बाद बहादुरी के साथ फायरमैन राजेन्द्र प्रसाद रस्सी और हार्नेस का प्रयोग करते हुए गुफा में उतरे और फंसी गायों के निकट सावधानी पूर्वक पहुंचकर अतिरिक्त रस्सी से बैलों को उपयुक्त नॉट लगाकर बांधा।जिसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों स्तानीय लोगों के सहयोग से संकरी गुफा में फंसे बैलों के जोड़े को सकुशल गहरी गुफा से बाहर निकाला, वही गौ सेवा के बजाय बूढे हो चुके बैलों के जोड़ो को गुफा में गिराने वाले व्यक्ति की भी पुलिस जांच शुरू करेगी।

# प्रकृति को हरा भरा रखने में सभी करे सहयोग-पाण्डे

खटीमा(उद संवाददाता)आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम मेला घाट रोड स्थित बागनाथ मंदिर में पौधारोपण वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री पांडे ने कहा कि हम सभी को वृक्षारोपण के लिए अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन कर अपने महत्वपूर्ण दिनों को वृक्षारोपण से जोड़ेगा तो निश्चित रूप से प्रकृति और मानव के बीच का संतुलन बना रहेगा।उन्होंने सभी से प्रकृति को हरा-भरा महामंत्री मनोज वाधवा, सतीश भट्ट,अमित पांडे,गोपाल बोरा,अजय सिंह, अज्जू,संजय पिलख्वाल, मोहनी पोखरिया, रमेश जोशी, बलदेव बिल्ला,





कर प्रारंभ किया। एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे उपस्थित रहे। बागनाथ मंदिर के प्रांगण में श्री पांडे के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम तीन वृक्ष लगाकर प्रकृति को हरा भरा रखने में अपना योगदान दे सकता है। जीवन में पढ़ने वाले सभी महत्वपूर्ण दिवसों पर यदि प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण का कार्यक्रम रखने में सहयोग देने की अपील की। एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह, हिमांशु बिष्ट, नगर पंकज सिंह, राम पांडे, केशव अग्रवाल, सचिन अग्रवाल,करण यादव,राहुल सक्सेना, विवेक गुप्ता, प्रमोद गहतोड़ी, सचिन रस्तोगी, महेंद्र अग्रवाल, गोविंद टम्टा,दीपक सामंत,मनोज चुफाल, किशन, प्रकाश आर्य, शशांक आदि थे।

# रूद्रपुर के डाक्टर छाबड़ा ने जर्मनी में प्रस्तुत किया कैंसर शोध पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर के निवासी डॉक्टर राजा छाबड़ा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जर्मनी में अपना कैंसर संबंधित शोध पत्र प्रस्तुत किया है। यूरोपियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल ऑनकोलॉजी के वार्षिक गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल कैंसर सम्मेलन में डॉक्टर राजा छाबड़ा ने अपनी गॉल ब्लैडर (पित की थैली) कैंसर पर किये गये शोध पत्र को बड़े भर से हजारों शोध पत्र भेजे गये थे, जिसमें मात्र 300 शोध पत्र ही चयनित किए गए। डॉक्टर राजा ने अपनी मेडिकल ऑनकोलॉजी की रेजीडेंसी के दौरान इस पत्र को प्रस्तुत कर अपने देश को बड़े पायदान पर प्रस्तुत कर यह दर्शाया कि जटिल से जटिल कैंसर का भी इलाज संभव है। डॉक्टर राजा ने अपना एमबीबीएस 2016 में राजकीय मेडिकल



पैमाने पर प्रस्तुत कर देश एवं उत्तराखण्ड वासियों को गौरवान्वित महसूस करवाया। यह कांफ्रेंस गत 26 से 29 जून तक जर्मनी के म्यूनिक शहर में हुई थी। जिसमें देश भर से विख्यात डॉक्टर्स ने अपने गैस्ट्रों संबंधित कैंसर पर शोध पत्र प्रस्तुत कर नई तकनीकों एवं इलाजों के बारे में विश्व को अवगत कराया। डॉक्टर राजा छाबड़ा ने गौल ब्लैडर कैंसर पर अपने शोध पत्र से कीमोथेरेपी एवं टार्गेटेड थेरेपी से कैसे इस कैंसर से अच्छी तरह से इलाज संभव है के बारे में बताया। इस कांफ्रेंस में विश्व कॉलेज हल्द्वानी एवं सुशीला तिवारी अस्पताल से पूर्ण कर, वर्ष 2022 में अपना , एमडि, देश के प्रतिष्ठित संस्थान एसजीपीजीआई लखनऊ से उत्तीर्ण करा। अभी वह बी एल कपूर अस्पताल, नयी दिल्ली में अपनी सुपर स्पेशलिटी (मेडिकल ऑनकोलॉजी) की रेजीडेंसी पूर्ण कर रहे है। वह आने वाले समय में अपने राज्य उत्तराखंड व अपने शहर रूद्रपुर में अपनी सेवाए देकर लोगो को कैंसर से बचाने व जागरूक बनाने का कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपाईयों ने लिया आर्शीवाद

किच्छा(उद संवाददाता)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर में विभिन्न क्षेत्रों में गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा मंदिरों में कथावाचकों पूजा पाठ करने वाले ब्राह्मणों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें शाल पुष्प मालाए आदि भेट की गई। भारतीय जनता पार्टी की मंडल इकाई के पदाधि कारी द्वारा नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पहुंचकर सभी पुजारी को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश भाजपा संगठन के आहवान पर आज किच्छा विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के प्राचीन सनातन धर्म मंदिर के पुजारी को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित जी का आशीर्वाद लेकर अपने प्रदेश एवं देश की खुशहाली की कामना की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, विजय अरोड़ा, देवेंद्र शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, चन्दन जायसवाल, पूरन भट, सुभाष तनेजा, आदि लोग उपस्थित थे।



# विधायक ने वनकर्मियों के साथ किया वृक्षारोपण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। टांडा रेंज मे हरेला पर्व के के उपलक्ष में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया आयोजित हुआ,जहाँ रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा पहुंचे तो वहीं विधायक शिव अरोड़ा ने डीएफओ उमेश तिवारी संग वृक्षारोपण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोड़ा बोले प्रकृति को बेहतर बनाने व मानव जीवन को सुरक्षित रखने के लिए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए उन्होंने कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी से अपील की है कि एक वृक्ष अपनी मां के नाम से अवश्य लगाये,तो वही यह मुहिम बहुत रंग ला रही है जिसमें बढ़ चढ़कर लोग प्रतिभाग कर रहे है और हर कोई एक वृक्ष अपनी मां के नाम पर लगा रहा निश्चित रूप से जितना अधिक से अधिक हम पेड़ लगाएंगे यह हमारे पर्यावरण को स्वस्थ बनायेगा, वही विधायक शिव अरोरा ने पवित्र पीपल का पेड़ लगाया ओर बोले प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन हमारी संस्कृति है ओर यहाँ हम सभी जगरूक नागरिकों का दायित्व है, विधायक शिव अरोरा ने सभी से अपील की अपने आस पास क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाए जिससे जलवायु हमारे अनुकूल और स्वस्थ हो सके। श्री अरोरा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। वही इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने पर्यावरण प्रेमी आशुतोष पंत को सम्मानित किया।वही इस दौरान डीएफओ उमेश तिवारी, एसडीओ शशि, टांडा रेंजर रूपनारायण गौतम, दीवान सिंह रौतेला, वन दरोगा सुरेंद्र सिंह राहुल कुमार रुस्तम राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# जीजा साले में हुई फायरिंग के मामले में क्रास मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्राम कैथुलिया में मायके से पत्नी को लेकर जीजा व साले में हुई फायरिंग में दोंनो पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजू सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी सलमती ने थाने में तहरीर देते हुंये कहा है कि 17 जुलाई को ग्राम चीतलबाग निवासी काला सिंह के खेत में खाद डालकर रात्रि ग्राम सलमती निवासी कुलविन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी विचुवा, ग्राम देवकली ढेरा निवासी बलवीर सिंह पुत्र मान सिंह के साथ घर ग्राम विचवा बापस आ रहें थे कि तभी हरैया आर्टिजन के पास कुछ लोगों ने उन्हें घेर कर हमला कर लिया। आरोप है कि ग्राम बिचुवा बगिया निवासी धर्मेन्द्र सिंह पुत्र जरनैल सिंह ने कुलविन्द्र सिंह के सर पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। बलबीर सिंह ने मुझे बचाने का प्रयास किया तो बलबीर पर ग्राम हरैया निवासी बलविन्द्र सिंह पुत्र बग्गा सिंह ने हत्या करने के इरादे से तंमचे से फायर कर दिया। आरोप है कि बलविन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी हरैया, टिटु सिंह निवासी हरैया, साहब सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी हरैया, सोनु सिंह पुत्र बग्गा सिंह निवासी हरैया, सुखदेव सिह ऊर्फ सुक्खी निवासी पंडरी सितारगंज , कृशण सिंह ऊर्फ भुरी पुत्र गुरनाम सिंह निवासी विचुवा, गुरंजट सिंह ऊर्फ जैटी निवासी सिसईखेड़ा, कुलदीप सिंह ऊर्फ काकु पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी ने लाठी डण्डों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपी है कि सभी हत्या करने के इरादे से एक साथ एक राय होकर हमला करने आए थे। वही दूसरें पक्ष के जसविन्द्र सिंह पुत्र बग्गा सिंह निवासी कैथुलिया ने दी तहरीर में कहा है कि उसकी बहन सीमा कौर की शादी राजू पुत्र कुलवंत सिंह निवासी सलमती के साथ हुई थी। दोंनो पति व पत्नी में आपसी विवाद को लेकर 16 जुलाई को ग्राम प्रधान के यहां पंचायत बुलाई थी, 17 जुलाई को मुझे राजू ने किसी बहाने हरैया बुलाया, जहां में अपने साथ भाई सोनु सिंह, भान्जें गुरचरन सिंह श्याम सिंह आदि को साथ लेकर गया, जहां पहले से घात लगाएं बैंठे सोनु सिंह, बलजीत सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी विचुवा, बुटा सिंह पुत्र बीर सिंह निवासी बगिया, राजेन्द्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह निवासी बगिया जो अपने हाथों में बंदुक लिए थे, उन्होंने गाली गलौच कर गोली चला दी। जिसके छरें मेंरे भाई और भान्जें को लगे। पुलिस ने दोंनो पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस इस मामले में तथ्य जुटाने में जुटी हुई है।

## पेज एक का शेष...

**केदारनाथ पैदल मार्ग पर...**से शीर्घ राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिये हैं। आज सुबह गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के पास पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर यात्रियों पर मौत बनकर गिर पड़े। हादसे में तीन यात्रियों की जान चली गई, जबकि पांच अभी भी जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। केदारनाथ में 16 किमी लंबे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर पल-पल भूस्खलन का खतरा रहता है। चीरबासा भूस्खलन जोन है, जहां प्रत्येक बरसात में पहाड़ी से पत्थर गिरने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसी जगह पर बीते वर्ष भी पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण एक युवती की जान चली गई थी। वहीं, 2022 में भी दो यात्रियों की मौत हुई थी। रविवार को भी बारिश के बाद यहां भूस्खलन हो गया। घटना सुबह साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मौके पर शव इधर-इधर बिखरे हुए थे। पुलिस ने घायलों को बोल्डरों और मलबे से निकाला और अस्पताल भेजा। रविवार को हुए हादसे में हादसे में मृतकों की पहचान किशोर अरुण पराटे(31), नागपुर महाराष्ट्र, सुनील महादेव काले(24) जालना महाराष्ट्र, अनुराग बिष्ट, तिलवाड़ा रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर हुए हादसे को लेकर सीएम धामी ने दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है, इस संबंध में निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं। हादसे में घायल हुए लोगों को त्वरित रूप से बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

**मानसून सीजन में ...**से 15 अगस्त तक राज्य में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से सामाजिक संस्थाओं, पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों, स्वयं सहायता समूहों को भी जोड़ा गया है। राज्य से ग्राम पंचायत स्तर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।इस अवसर पर एमडीडीए उपाध्यक्ष श्री बंशीधर तिवारी ने कहा कि जिस भूमि पर यह पौधारोपण किया जा रहा है, यहां आने वाले दिनों में पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने अपनी माताजी सावित्री देवी जी के नाम से भी पौधारोपण किया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, सचिवआर. मीनाक्षी सुंदरम,शैलेश बगोली ने भी पौधरोपण किया।

**युवक के पेट में लगी गोली..**जहां पर डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जैसे ही मामले की सूचना पुलिस को लगी तो ट्रांजिट कैंप से एसओ भारत सिंह समेत पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। वहीं सीओ सिटी निहारिका तोमर ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। बताया जा रहा है कि गोली युवक के पेट में लगी है। सीओ सिटी निहारिका तोमर ने बताया कि ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में युवक को गोली लगी है। घायल युवक को हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर किया गया है. मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। घटना का स्थलीय निरीक्षण किया जा चुका है। फिलहाल, कमरे को सील कर दिया है। जल्द ही गोली चलने के कारणों का पता लगाया जाएगा। वहीं घटना को लेकर भी कई प्रश्न खडे हो रहे हैं। विशाल के पेट में गोली लगना बताया जा रहा है जिससे संभावना व्यक्त की रही है कि कमरे में विशाल का किसी से झगड़ा हुआ होगा इस दौरान तमंचे की छीनाझपटी में गोली विशाल के पेट में लग गई। कमरे में उस समय कौन लोग मौजूद थे और किन परिस्थितियों में गोली चली, फायर के बाद कमरे में मौजूद लोग अब कहां हैं फायर में प्रयुक्त तमंचा और खोखा कहां है। इन सभी पहेलियों को सुलझाना अभी बाकी है।

# एसएस पब्लिक स्कूल के कार्तिक ने ताइक्वांडो में प्रदेश में पाया स्थान

गदरपुर(उद संवाददाता)।।24वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के तहत रुद्रपुर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं में एस0 एस0 पब्लिक स्कूल, गदरपुर के छात्र कार्तिक पुत्र राजकुमार ने जिले में ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रदेश में अपना स्थान पक्का करके जिला उधम सिंह नगर में विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चैयरमेन डी0 पी0 सिंह ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले कार्तिक को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में विद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ास्पर्धाओ में प्रतिभाग करने के लिए आशीर्वाद दिया। विद्यालय के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह ने विद्यालय से मिलने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया एवं विजेता कार्तिक के लिए पुरस्कार की घोषणा की। सचिव महोदय ने सभी को उच्च स्तर के स्पधाओ के प्रतिभाग करवाने के लिए विद्यालय का क्रीडा स्थल भी उपलब्ध कराने का वादा किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य स,परविंदर सिंह ने प्रदेश में अपना स्थान प्राप्त करने के लिए कार्तिक कोऔऔणन विद्यालय के मंच पर सम्मानित कर आशीर्वाद दिया और कार्तिक को विद्यालय के मान सम्मान को बढ़ाने के लिये उसके माता पिता को धन्यवाद कहा उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद कहा जिन्होने इस तरह की स्पर्धाएं करवाकर प्रतिभाओ की खोज करने का लक्ष्य रखा।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गुलशन सिंधी का ताबड़तोड़ प्रचार अभियान शुरू

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर इकाई के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार गुलशन सिंधी द्वारा नगर में जबरदस्त चुनाव प्रचार कर अपने पक्ष में मतदान करने की व्यापारियों से अपील करते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक संपर्क अभियान चलाया उनके समर्थकों द्वारा प्रत्येक व्यापारी से संपर्क साधकर अध्यक्ष पद पर गुलशन सिंधी को कामयाब बनाने की अपील की गई। उल्लेखनीय है कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से माहौल गर्म था तथा चुनाव संपन्न कराने और न करने को लेकर के उहापोह की स्थिति बनी हुई थी जिसमें प्रशासन ने भी अपना संज्ञान लेना शुरू कर दिया था तथा दोनों पक्षों से अभिलेख उपलब्ध कराने की बात कही थी इसी क्रम के चलते दोनों पक्षों द्वारा प्रशासन के सम्मुख चुनाव के संबंध में अभिलेख




प्रस्तुत किए गए थे प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए दोनों पक्षों के कई लोगों को निरुद्ध करते हुए शांति व्यवस्था कायम करना सुनिश्चित किया हुआ है चुनाव प्रक्रिया के चलते हुए चुनाव समिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु सदस्यता अभियान चलाते हुए चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को संपादित कर नामांकन कराए गए तथा नाम वापसी भी की गई जिसके चलते अध्यक्ष पद हेतु तीन प्रत्याशी, महामंत्री पद हेतु तीन प्रत्याशी एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु दो प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। नाम वापसी के बाद गत दिवस अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार गुलशन सिंधी द्वारा नगर में प्रचार अभियान शुरू किया गया तथा प्रत्येक व्यापारी से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की गई गुलशन सिंधी के प्रचार अभियान को देखते हुए अन्य दो प्रत्याशियों द्वारा भी अपना प्रचार अभियान छेड़ दिया गया है जिससे नगर व्यापार मंडल का चुनाव दिलचस्प हो गया है तथा अभी से हार जीत के आंकड़े लगने शुरू हो गए हैं । क्योंकि 25 जुलाई को मतदान के कुछ ही घंटे बाद मतगणना करते हुए विजयी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी।चुनाव प्रचार के दौरान व्यापारी नेता गुलशन सिंध ी ने व्यापारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यदि व्यापारियों ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना तो वे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर समय तैयार रहेंगे तथा लड़ाई लड़ते रहेंगे उन्होंने यह भी कहा कि उनका मकसद नगर के व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करते रहना है आगे कहा कि उनके द्वारा पूर्व में भी सभी व्यापारियों की हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया जाता रहा है। चुनाव प्रचार में संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पक्ष विपक्ष का होना अनिवार्य है। इसलिए वे उनका भी स्वागत करते हैं जो उनका समर्थन नहीं कर रहे है तथा उनसे भी निवेदन करते हैं कि वह अपना अमूल्य वोट देकर उन्हें विजई बनाएं ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा की जा सके। चुनाव प्रचार के दौरान गुलशन सिंधी के साथ व्यापारी अक्षय बाबा,ताराचंद सिंध ी, दुर्गेश गुप्ता, रिजवान निक्की ,एन यू खान, सरन सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## वाहन चोरों ने उड़ाई चार मोटर साईकिलें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में वाहन चोरी की घटनायें बढ़ती जा रही है। अज्ञात वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से चार मोटरसाईकिलें चोरी कर लीं। सभी मामलों की रपट दर्ज करा दी गई है। प्रीत विहार कालोनी, फाजलपुर महारौला निवासी हरजिन्दर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह का कहना कहा है कि 4 जुलाई को सुबह उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएच 8630 को घर के बाहर खड़ा कर लॉक लगा दिया था। दोपहर 12बजे जब वह घर के बाहर आया तो देखा कि उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थीं राजीव वर्मा ने बताया कि वह पिछले 12 वर्षों से अलंकार बाथ एंसेट्स में कार्यरत है। 4 जुलाई को अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एजे 5901 पर सवार होकर कार्य के लिए आया था। दोपहर में लंच के लिये बाहर निकला तो उसकी मोटर साइकिल अपने उक्त स्थान पर नही थी। कमलेश साना पुत्र स्व. विनय साना निवासी रविन्द्र नगर, ने बताया 2 जुलाई को रात्रि वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 ए 4033, पर सवार होकर सजंय नगर खेडा मोदी मैदान स्थित सब्जी बाजार में सब्जी लेने के लिये पहुँचा। मोटर साईकिल खड़ा कर लॉक लगा दी और सब्जियां लेने के लिये बाजार में घूमने लगा। कुछ देर बाद सब्जी लेकर वापस आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नही थी। वहीं मनीष सिंह कुशवाहा पुत्र पारस नाथ राम हाल निवासी गणेश गार्डन फुलसुंगा,ट्रांजिट कैम्प,मूल निवासी फाइक इन्क्लेव, वृड्डो स्कूल, थाना बारादरी, बरेली ने बताया कि 30 जून की रात्रि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 32 जीडी 5478 को घर के बाहर खड़ा कर लॉक लगा दिया था। 1 जुलाई को सुबह उठकर देखा कि उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नही थी जो कि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने चारों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शहर के विभिन्न मुद्दों पर चुघ ने डीएम से की चर्चा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी उदय राज सिंह से मुलाकात की और शहर में जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर उनसे चर्चा की । श्री चुघ ने कहा कि कल्याणी और बैगुल नदी किनारे रह रहे लोगों को निगम प्रशासन की ओर से नोटिस दिए गए हैं,ऐसे में उनके मन में उजड़ने का भय व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मानकों के अनुरूप प्रशासन कार्य करें और नदी किनारे बसे लोगों को राहत दी जाए। उन्होंने कहा की किच्छा रोड पर जो कूड़े का पहाड़ समाप्त किया जा रहा है, यह बेहद सराहनीय है। इसके लिये श्री चुघ ने जिलाधिकारी का धन्यवाद करते हुये उन्हे बधाई देते हुये कहा कि यह आपके प्रयास से ही सम्भव हो पाया है। उन्होंने कहा कि इस जगह पर अब सुंदर पार्क का निर्माण किया जाए



ताकि वहां रह रहे लोगों को राहत मिल सके। श्री चुघ ने डीएम से कहा कि बरसात के मौसम के चलते शहर में जल भराव की स्थिति जगह-जगह बन गई थी। ऐसे में लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इसलिए जल भराव से निजात दिलाने के लिए जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए । साथ ही सड़कों की दशा में भी सुधार किया जाए। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि शहर के हित के लिए कार्य किए जाएंगे।

## संत बापू सुभाष बापू जी की पुण्यतिथि पर किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आज परम पूजनीय महामंडलेश्वर 1008 संत बापू सुभाष बापू जी महाराज की दूसरी पुण्यतिथि पर अमर योग क्लब के साधको द्वारा उन्हें श्रद्धा के सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर राजकुमार सीकरी ने कहा कि हिन्दू समाज में गुरु का स्थान जन्मदाता माता पिता से भी ऊंचा दिया गया है। कोई भी कार्य प्रारंभ करने से पूर्व गुरु को नमन किया जाता है। उन्होंने कहा कि परम पूजनीय महामंडलेश्वर 1008



संत बापू सुभाष बापू जी महाराज ने अपने जीवन काल में सभी को सद्कर्म करने के लिए प्रेरित करते हुए अपना आर्शीवाद दिया। आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सभी श्रद्धालु उन्हें शत शत नमन करते हैं। इस दौरान योग गुरु अशोक कालड़ा, अशोक अदलखा, गुलशन नारंग, राजीव अनेजा, हरीश गुंबर, नरेश घई, राजीव ग्रोवर, राजेश आनंद, सुरेंद्र मिड्ढा, मनोज कक्कड़, मनोज बटला, हनी ग्रोवर, जुगनू, विजय फुटेला, अमित गाबा, जतिन नागपाल आदि योग साधक उपस्थित थे।

## आरएएन में प्रेरक इंटरैक्ट क्लब स्थापना समारोह आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल डिबडिबा बिलासपुर में इंटरैक्ट क्लब का स्थापना समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम विंग कमांडर एचके राय,डायरेक्टर मोहित राय, निर्देशिका समक्ष संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।तत्पश्चात संगीत अध्यापक व्यापक जोशी तथा बच्चों ने एक आरएएन का प्रेरक गीत गाकर सबको प्रेरित कर दिया ।इंटरेक्ट क्लब के नव निर्वाचित छात्र-छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय समझ कृतिका पोपली, जल स्वच्छता गुरलीन कौर, सदस्यता और विकास वृंदा बाँगा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य वैष्णवी खुराना, युवा सेवाए राघव चौहान, बुनियादी शिक्षा और साक्षरता अरशान अहमद, संपादक मंडल पावनी त्रिपाठी, ई एवं आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात आरएएन के कलाकारों ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुति से समां बाँध दिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय ने समस्त अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि नेतृत्व प्रतिभाओं को पोषित





श्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट , असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट रोटरी क्लब जगदीश सिंह बिष्ट, रोटरी क्लब अध्यक्ष रुद्रपुर आरटीएन जय प्रकाश , रोटरी क्लब कोषाध्यक्ष रुद्रपुर आरटीएन चंचल जीत सिंह, सिटी कार्डिनेटरगौरी गगनेजा तथा रोटरी क्लब सचिव डा. नीतिका पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र के समाज सेवा करने की शपथ ली। जिनमें अध्यक्ष पार्थ बत्रा, उपाध्यक्ष कुशाग्र अरोरा, सचिव रितेश राज चौधरी, संयुक्त सचिव नीलक्षी, कोषाध्यक्ष नकुल गंगवार, सार्जेंट एट आर्म्स पार्थ बत्रा, शांति स्थापना और संघर्ष निवारण अंशुल मनोचा, पर्यावरण यशिस्वनी राय, रोग की रोकथाम एवं उपचार हरनीत कौर, सामुदायिक आर्थिक विकास पार्थ अग्रवाल तथा खेल और संस्कृति जिया चौहान शामिल थे। एजुकेशनल सोसाइटी, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर डिबडिबा के प्रबंधक एचके राय , डायरेक्टर मोहित राय, निर्देशिका श्रीमती निधि राय और प्रधाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट ने नवनिर्वाचित इंटरैक्टर्स को बध करने और पुल बनाने की यात्रा है। करुणा के साथ नेतृत्व करने से एकता और सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा मिलता है। नेतृत्व और सेवा की प्रेरणादायक यात्रा के लिए एकजुट होकर निस्वार्थ भाव से दृढ़ संकल्प लें। क्योंकि इंटरैक्ट क्लब एक स्थायी प्रभाव पैदा करने के लिए अपने मिशन पर आगे बढ़ रहा है।

## आरएएन पब्लिक स्कूल में संसद गठन समारोह आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में संसद गठन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि संजय सिंघल प्लांट हेड टाइटन इंडस्ट्रीज लिमिटेड विशिष्ट अतिथि विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर एचके राय, एडीजी रोटेरियन जगदीश सि ंह बिष्ट , रोटरी क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश, सचिव डॉ निकिता पांडे, कोषाध्यक्ष चंचल जीत सिंहको पौधा देकर सम्मानित किया गया। संसद गठन में मुख्य छात्र के रूप में सूर्यांश यादव, मुख्य छात्रा के रूप में रिजूल मदान, उप मुख्य छात्र के रूप में प्रखर अग्रवाल एवं उपमुख्य छात्रा के रूप में संपदा तिवारी को घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त चयनित सदस्यों की सूची में खेलकूद प्रभारी मोक्ष श्रीधर, तृप्ति अदलखा,अनुशासन प्रमुख आदित्य मिढ्डा, मन्नत अरोडा, अप अनुशासन प्रमुख पलछिन अधिकारी अंशिका सत्संगी, सदन प्रमुख आन्या गगग, गौरी श्रीवास्तव, मौली अनेजा, मान्या चोपडा शामिल थे। इस अवसर पर इंटरेक्ट क्लब अपने कर्तव्यों को निभाने की शपथ ली। अपने चयन पर विद्यालय एवं अध्यापक गण का आभार प्रकट किया। विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट ने आए हुए अतिथि गण का स्वागत करते हुए को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर मनुष्य में कोई ना कोई प्रतभा छुपी होती है और यह मनुष्य का कर्तव्य है कि वह उस प्रतिभा को पहचान कर उसे उजागर करें। हम अपने अच्छे कमों से नैतिक




की अध्यक्ष अनाहिता पाठक, उपाध्यक्ष अंशिका सत्संगी, सचिव गौरी श्रीवास्तव, तथा इंटरेक्ट क्लब सदस्यों को बैच देकर सम्मानित किया गया। चयनित संसद सदस्यों ने पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ कहा कि किसी भी टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा गुण है जो आत्म अनुशासन को नियंत्रित करता है तथा एक अच्छा दृष्टिकोण प्रदान करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सिंघल ने विद्यार्थियों गुणों के द्वारा एक अच्छे नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए एक सशक्त समाज की कल्पना कर सकते हैं। अंत में विद्यालय प्रबंधक मोहित राय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## ग्रामीणों को पौधे वितरित कर रहे पर्यावरण प्रेमी आशुतोष पंत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी एवं पर्यावरण कार्यकर्ता आशुतोष पंत द्वारा हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी लोगों को निःशुल्क फलदार व जड़ीबूटी आदि के पौधों का निःशुल्क वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। इस वर्ष के वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत 15 जुलाई को हल्द्वानी के कपिल आश्रम विद्यालय से हो गयी है। 15 जुलाई को इस संस्कृत विद्यालय में पौधे लगाने के साथ साथ पर्यावरण प्रेमियों को फलों के पौधे भेंट किए गए। इसके पश्चात उन्होंने 19 जुलाई तक चोरगालिया, गोलापार क्षेत्र के 3 गाँवों में




समाजसेवी प्रकाश बिष्ट के सहयोग से, जज फार्म में एससी पंत के सहयोग से पौध भेंट किए। प्रकाश बिष्ट ने अपने वाहन से पौधे पहुंचाकर और कार्यक्रम का संयोजन करके सहयोग किया। 17 जुलाई को हल्द्वानी में वन विभाग के बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में उच्च न्यायालय नैनीताल के न्यायमूर्ति मनोज तिवारी का सानिध्य रहा। 20 जुलाई को गोलापार के 3 अन्य गाँवों में निशुल्क पौधे भेंट किए गए।